‘राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व-झाँसी जलसा’

चर्चा में क्यों?

17 नवंबर, 2021 को राज्य सरकार एवं केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में जनपद झाँसी में तीनदिवसीय ‘राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व-झाँसी जलसा’कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झाँसी की रानी के 193वें जन्मदिन को आज़ादी के अमृत महोत्सव से जोड़कर यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है।
- इस कार्यक्रम में सैन्य सुदृढ़ीकरण के कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, रंगकर्मियों द्वारा जन-सहभागिता को विकसित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। बुंदेलखंडवासियों के लिये यह अभिनव कार्यक्रम होगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि तीनदिवसीय यह कार्यक्रम राष्ट्र रक्षा के प्रति समर्पण के भाव को आह्लादित कर रहा है। लोक कथाओं व काव्यों में झाँसी के ओज और तेज को वीर रस के साथ प्रस्तुत किया गया है।
- इस अवसर पर लोक कलाकारों ने राई नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से लोगों को अभिभूत किया। इससे पूर्व लक्ष्मी व्यायाम मंदिर प्रांगण में सेना के जवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा कार्यक्रम के उपरांत रक्षा मंत्री ने हाथी ग्राउंड पर स्थित रक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।
- झांसी जलसा कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरडिोर के झाँसी नोड के पहले प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rashtra-raksha-samarpan-karyakram-jhansi-jalsa